## जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 13.07.2023 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 13.07.2023 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :–


| क्र० सं० | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री अशोक कुमार सिंह | अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी। |
| 3 | श्री जे.पी. गुप्ता | अधीक्षण अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (नि./ग्रा.)उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 4 | श्री सुनील कुमार | जिला विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 5 | श्री जगदीश राम गौतम | जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी। |
| 6 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 7 | श्री उमेश कुमार | अधिशासी अभियन्ता, बेतवा प्रखण्ड, सिंचाई विभाग, झाँसी। |
| 8 | श्री राहुल शर्मा | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 9 | श्रीमती नीलम यादव | बेसिक शिक्षा अधिकारी, झाँसी। |
| 10 | श्री सजीव कुमार | अधि.अभि. झाँसी डिवीजन जल संस्थान, झाँसी। |
| 11 | श्री शिव शंकर | अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय, झाँसी। |
| 12 | श्री राजेश गुप्ता | डिप्टी टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 13 | श्री श्रीनिवास मिश्रा | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 14 | श्री आर.एल. रमेश | डी.जी.एम., एन.सी.सी., झाँसी। |
| 15 | श्री लक्ष्मीनारायण | प्रोजेक्ट मैनेजर, बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 16 | श्री वाई.एन. तिवारी | प्रोजेक्ट मैनेजर, यूनिप्रो टेक्नो इन्फ्रा, झाँसी। |
| 17 | श्री जे.एस. प्रेट्रीक | प्रोजेक्ट मैनेजर, आई.एच.पी., झाँसी। |
| 18 | श्री नारायण सिंह | प्रोजेक्ट मैनेजर, दारा इंजीनियरिंग, झाँसी। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :–

- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिसके कार्यों की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :–

गुलारा, बचावली एवं तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना :– गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना में प्रस्तावित 42 ग्रामों से 40 ग्रामों, बचावली ग्राम समूह पेयजल योजना में प्रस्तावित 37 ग्रामों में से 31 ग्रामों तथा एवं तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना में प्रस्तावित 25 ग्रामों में से 25 ग्रामों में क्रमशः 8615 नग, 6810 नग एवं 5890 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। शेष कार्य प्रगति पर है।



Scanned with OKEN Scanner

बुदपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना :— योजना मे प्रस्तावित 59 ग्रामो से 45 ग्रामो मे 15395 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति कर दी गई है। शेष कार्य प्रगति पर है।

कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना :— योजना मे प्रस्तावित 74 ग्रामों में से 34 ग्रामों में 11975 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा ही है। शेष कार्य प्रगति पर है, जिन्हें शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना :— योजना में प्रस्तावित 32 ग्रामों में से 32 ग्रामों में 12620 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा ही है। शेष कार्य प्रगति पर है, जिन्हें शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।



बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना :— योजना में प्रस्तावित 58 ग्रामों में से 56 ग्रामों में 12370 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा ही है। शेष कार्य प्रगति पर है, जिन्हें शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

डुमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना :— योजना के निर्माण कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक, श्री लक्ष्मी नारायण द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 25.07.2023 तक 18 नग ग्रामों में एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना :— योजना के निर्माण कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के 09 एवं 12 ग्रामों में क्रमशः दिनांक 10 अगस्त, 2023 एवं 15 अगस्त, 2023 तक क्रमश तक 18 नग ग्रामो मे एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा अनुबन्धित फर्मों के परियोजना प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामों के विद्यालयों में सी.एस.आर. मद से विद्यालयों बच्चों के बैठक की व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार फर्नीचर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, झाँसी को निर्देशित किया गया है कि उक्त कार्यवाही पूर्ण करने हेतु योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों में स्थित विद्यालयों की सूची अधिशासी अभियन्ता, जल निगम एवं अनुबन्धित फर्म को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अनुबन्धित फर्मों को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गई सड़कों को अविलम्ब पुर्नस्थापित कराना सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामवासियों को अवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े तथा योजनाओं पर अतिरिक्त श्रमिक एवं मशीनरी लगाते हुये कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये जनपद झाँसी के समस्त 08 विकास खण्डों के प्रत्येक घर को "हर घर जल" से लाभान्वित करते हुये पाईप पेयजल से आच्छादित किया जा सकें।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

अनुमोदित

जिलाधिकारी, झाँसी।
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक–/547/एम-1/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2023 /105 दिनाँकः2। जुलाई, 2023

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
3– मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी।
4– सभी सम्बधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with OKEN Scanner